भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

Azadi Ka Amrit Mahotsav

G20 भारत 2023 INDIA

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 21.09.2023

आरेडिका में राजभाषा पखवाड़ा में साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 16.09.2023 से 29.09.2023 तक राजभाषा पखवाड़ा का आयोजन चल रहा है, जिसके अंतर्गत राजभाषा विभाग द्वारा दिनांक 19.09.2023 को साहित्यिक व्याख्यान का आयोजन तकनीकी प्रशिक्षण केन्द्र ऑडिटोरियम में किया गया। जिसमें अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. सुरेश कुमार सैनी सेवानिवृत प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त सह मुख्य राजभाषा अधिकारी को आमंत्रित किया गया था। साहित्यिक व्याख्यान के अंतर्गत महान साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन जी के बारे में विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इस साहित्यिक कार्यक्रम का लगभग 200 अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लाभ उठाया।

इसी कड़ी में साहित्यिक प्रश्नोतरी प्रतियोगिता के द्वितीय चरण का आयोजन आरेडिका के संगोष्ठी कक्ष में सम्पन्न हुआ। इसमें चयनित 16 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम के आधार पर 6 प्रतिभागियों का चयन तृतीय चरण के लिए किया गया। यह चरण अंतिम चरण होगा जिनमें तीन श्रेष्ठ प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रथम पुरस्कार में प्रमाण–पत्र के साथ 5000–रु0 की राशि, द्वितीय पुरस्कार में प्रमाण–पत्र के साथ 2500–रु0 की राशि एवं तृतीय पुरस्कार में प्रमाण–पत्र के साथ 2500–रु0 की राशि महाप्रबंधक महोदय द्वारा दी जाएगी। इसमें कर्मचारियों का काफी उत्साह देखा जा रहा है।

इस मौके पर प्रधान मुख्य चिकित्सा अधिकारी श्री महेश कुमार शकरवाल, श्री रमेश चंद्रा प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त ,मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री अमर नाथ दूवे, राजभाषा अधिकारी श्री राजेश कुमार, जन सूचना अधिकारी श्री अनिल कुमार श्रीवास्तव, सहायक कार्य प्रबन्धक श्री देवेंद्र कुमार अवस्थी, मौजूद थे।

21/9/2023

(आर.एन.तिवारी)

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी